दिनांकः 07.04.2024 समय : 09:00 ए.एम.

प्रादेशिक समाचार

आकाशवाणी जयपुर–अजमेर

- प्रदेश में विभिन्न राजनैतिक दलों के स्टार प्रचारकों के दौरे जारी–भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज प्रदेश में जनसभाओं को करेंगे संबोधित।
- लोकसभा चुनाव में शत–प्रतिशत मतदान के लिए राज्य निर्वाचन विभाग की ओर से ''आओ बूथ चलें'' अभियान का आयोजन।
- राज्य के स्कूलों में मम्प्स रोग से बचाव के लिए दी जाएगी आवश्यक जानकारी।
- आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में राजस्थान रॉयल्स की लगातार चौथी जीत–रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु की टीम को छह विकेट से दी मात।

......................

भाजपा के वरिष्ठ नेता और रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह आज प्रदेश में चुनावी सभाओं को संबोधित करेंगे। श्री सिंह बीकानेर से भाजपा प्रत्याशी अर्जुनराम मेघवाल के समर्थन में कोलायत में जनसभा करेंगे। इसके बाद उनका पिलानी में सभा का कार्यक्रम है। वे झुंझुनूं से पार्टी उम्मीदवार शुभकरण चौधरी के पक्ष में समर्थन जुटाएंगे। उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ भी पार्टी प्रत्याशियों के समर्थन में प्रचार करेंगे। वे हलेना, लालसोट और रींगस में चुनावी सभाओं में हिस्सा लेंगे।

इसके साथ ही अन्य सभी राजनैतिक दलों ने भी प्रचार और जनसम्पर्क तेज़ कर दिया है तथा अपने प्रत्याशियों के पक्ष में चुनावी सभाएं कर रहे हैं। स्टार प्रचारकों की सभाओं के अलावा जगह–जगह नुक्कड़ सभाएं भी आयोजित की जा रही हैं।

इस बीच, भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी–सीपीआई के महासचिव डी राजा ने कल नई दिल्ली में लोकसभा चुनाव के लिए पार्टी का घोषणापत्र जारी किया। इसमें पुरानी पेंशन योजना बहाल करने, नागरिकता संशोधन अधिनियम–सीएए निरस्त करने और निजी क्षेत्र में आरक्षण लागू करने तथा सार्वजनिक क्षेत्र को समानता के आधार पर आगे बढ़ाने सहित अन्य कई वादे किये गये हैं।

इस बीच, केन्द्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने सोशल मीडिया पोस्ट में कांग्रेस पर नागरिकों की भावनाओं को ठेस पहुंचाने का आरोप लगाया है। उन्होंने लिखा कि देश की एकता और अखंडता के लिए जनता निश्चित तौर पर कांग्रेस पार्टी को जवाब देगी।

......................

लोकसभा चुनाव क्षेत्र के परिदृश्य में हम आपको आज लिये चल रहें हैं श्रीगंगानगर –

श्रीगंगानगर जिले की पांच और हनुमानगढ़ जिले की तीन विधानसभा सीटों का प्रतिनिधित्व करती है, श्रीगंगानगर सीट, जहां इस बार विभिन्न दलों के प्रत्याशियों के बीच रोचक मुकाबला देखा जा रहा है। और ब्यौरा हमारे संवाददाता से –

......................

लोकसभा आम चुनाव में शत प्रतिशत मतदान के लिए राज्य निर्वाचन विभाग की ओर से आज आओ बूथ चलें अभियान का आगाज़ किया जा रहा है। मुख्य निर्वाचन अधिकारी प्रवीण गुप्ता ने बताया कि पहले चरण में मतदान वाले निर्वाचन क्षेत्रों में इसके तहत विशेष कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। इसमें मतदाताओं की शत प्रतिशत सहभागिता सुनिश्चित करने के लिए आज और 14 अप्रैल को बूथ स्तरीय अभियान आयोजित किया जाएगा।

सभी 53 हजार 126 मतदान केन्द्रों पर संबंधित विभागों के कर्मचारी मौजूद रहेंगे। इसके अलावा अन्य दिनों में घर–घर मतदाताओं से संपर्क कर उन्हें मतदाता पर्ची और वोटर गाइड वितरित की जाएगी। इस चरण के लिए वोटर स्लिप और गाइड बांटने का काम 14 अप्रेल तक पूरा कर लिया जाएगा। आओ बूथ चलें अभियान के तहत मतदाता जागरुकता गतिविधियां भी आयोजित होंगी। अलवर जिला निर्वाचन अधिकारी आशीष गुप्ता ने सभी मतदाताओं से लोकतंत्र के इस पर्व में अपनी भागीदारी सुनिश्चित करने की अपील की है।

.......................

प्रदेशभर में मतदाता जागरुकता कार्यक्रमों का सिलसिला जारी है। विभिन्न आयोजनों के माध्यम से मतदाताओं को लोकतंत्र के इस पर्व में भागीदारी के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी कड़ी में हनुमानगढ में मतदाता जागरुकता रैली आयोजित की गयी है। शहर में कल चित्र प्रतियोगिता हुई। इसमें विद्यार्थियों ने चित्रों के माध्यम से मतदान का संदेश दिया। वहीं बीकानेर में आज ऊंट रैली रखी गयी है। इसकी शुरूआत जूनागढ़ से होगी। अजमेर में भी मतदाता जागरुकता दौड़ का आयोजन किया गया और इस दौरान सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए। उधर, तिलवाड़ा में चल रहे मल्लीनाथ पशु मेले मे 11 सौ दीप प्रज्जवलित कर मेलार्थियों से मतदान करने की अपील की गयी। वहीं बालोतरा के सिवाना और समदड़ी पंचायतों में मनरेगा श्रमिकों और आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं की कार्यशाला कर अधिक से अधिक मतदान की अपील की गयी।

.......................

लोकसभा चुनाव के मद्देनजर आकाशवाणी समाचार जयपुर की ओर से मतदाता जागरूकता के लिये संदेश श्रृंखला चलायी जा रही है। इसमें श्रोता संदेश भेजकर आमजन को वोट डालने के लिए प्रेरित कर सकते हैं। श्रोता अपने संदेश रिकॉर्ड कर या टाईप कर व्हॉट्सअप नम्बर 94140–52368 पर भेज सकते हैं। चुनिन्दा संदेशों को समाचार बुलेटिनों में स्थान दिया जा रहा है। इसी कड़ी में आज सुनिये टोंक से हमारे श्रोता का संदेश –

.......................

राज्य के स्कूलों में बच्चों को मम्प्स यानि कन्फेड़ रोग से बचाव के लिए आवश्यक जानकारी दी जाएगी। चिकित्सा और स्वास्थ्य विभाग की अतिरिक्त मुख्य सचिव शुभ्रा सिंह ने कल जयपुर से वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से आयोजित बैठक में इस बारे में निर्देश दिए। उन्होंने शिक्षा विभाग को इसके लिए विद्यालयों में दिशा–निर्देश प्रसारित करने को कहा है। श्रीमती सिंह ने कहा कि मम्प्स एक वायरल संक्रामक रोग है, जो अधिकतर बच्चों में होता है। इस पर नियंत्रण के लिए राजकीय और निजी विद्यालयों में बच्चों को आवश्यक जानकारी दी जाएगी।

साथ ही, जनचेतना के लिए आईईसी गतिविधियां और रोग पर प्रभावी रोकथाम के लिए अंतर्विभागीय समन्वय के साथ काम किया जाएगा।

अतिरिक्त मुख्य सचिव ने कहा कि पिछले कुछ महीनों से बड़ी संख्या में मम्प्स के रोगी पाए जा रहे हैं, जो पिछले सालों की तुलना में अधिक हैं। जोधपुर, कोटा, बांसवाड़ा, बारां, हनुमानगढ़, उदयपुर, बाड़मेर और नागौर जिलों में इस बीमारी के मामले ज्यादा मिले हैं। इनमें विशेष सतर्कता बरती जाएगी। इसके साथ ही, मेडिकल कॉलेज इस रोग से बचाव के लिए अलर्ट मोड पर काम करते हुए जरूरी कदम उठाएंगे।

.......................

आईपीएल क्रिकेट टूर्नामेंट में राजस्थान रॉयल्स की टीम ने लगातार चौथी जीत दर्ज की है। कल जयपुर के सवाई मानसिंह स्टेडियम में खेले गये मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु को छह विकेट से हरा दिया। 184 रनों के लक्ष्य का पीछा करते हुए राजस्थान रॉयल्स ने 19 ओवर और 1 गेंद में 4 विकेट के नुकसान पर 189 रन बना लिए। राजस्थान रॉयल्स के लिए जोस बटलर ने नाबाद 100 रन बनाए और उन्हें **प्लेयर ऑफ द मैच** घोषित किया गया।

.......................